हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024

04 कार्यकर्ताओं ने 261 स्थानों पर ध्वज फहराकर...



07 अपने पहले कार्यक्रम में ही गुटबाजी में बंटी कांग्रेस...





**लोकसभा क्षेत्र**
**सीधी**

1 **भाजपा प्रत्याशी**
डॉ. राजेश मिश्रा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
कमलेश्वर पटेल

**पिछली बार कौन जीता**
रीति पाठक

**जीत का अंतर**
2 लाख 86 हजार 524

## क्या रहेंगे मुद्दे?

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की थी, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गारंटी देने लगे। चुनाव में दोनों की गारंटियां चल रही हैं। भाजपा कहती है कि 'कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा यह मोदी गारंटी है। राजनीति में परिवारवाद को पनपने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है।' दूसरी तरफ कांग्रेस पांच वर्गों को न्याय दिलाने की बात कर रही है। इसके साथ पार्टी की लगभग दो दर्जन गारंटियां भी हैं। दोनों दलों के अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए कार्य गिना रही है तो कांग्रेस उनकी सरकार में किए कार्य बता रही है।

### परिसीमन में सामान्य होने के बाद लगातार जीत रही भाजपा, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में भाजपा के बागी अजय

# सीधी में भाजपा भारी पर माहौल एकतरफा नहीं, कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

*सीधी से सांसद रहीं रीति पाठक इस बार मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने उनके स्थान पर डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बाहर से देखने पर भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है, लेकिन माहौल एकतरफा नहीं है। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा को बगावत का सामना भी करना पड़ा है। राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर गोंगपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सीधी क्षेत्र में आदिवासी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। हर विधानसभा क्षेत्र में काफी तादाद में गोंगपा के परंपरागत वोट बताए जाते हैं। इनके सहारे अजय प्रताप हार-जीत के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा को सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶भोपाल

विंध्य अंचल की सीधी लोकसभा सीट से सांसद रहीं रीति पाठक को भाजपा ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। अब वे विधायक हैं। उनके स्थान पर प्रत्याशी बनाए गए डॉ. राजेश मिश्रा कांग्रेस के साथ कड़े मुकाबले में फंसते दिख रहे हैं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कमलेश्वर पटेल उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वजह दो हैं। पहला, क्षेत्र में पटेल सहित पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद और दूसरा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह का पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरना। जहां तक सीधी सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है



डॉ. राजेश मिश्रा



कमलेश्वर पटेल

तो 2008 के परिसीमन के बाद यह सामान्य हुई है। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2009 का पहला चुनाव गोविंद मिश्रा जीते थे। इसके बाद 2014 और 2019 के दो चुनाव भाजपा की ही रीति पाठक जीतीं। 2008 से पहले सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। तब कभी कांग्रेस और कभी भाजपा जीतती थी। सीधी में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी बदलने से राजनीतिक सीमकरण भी बदले हैं। जैसे अब तक भाजपा को सिंगरौली क्षेत्र में एकतरफा वोट मिल रहा था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल का इस क्षेत्र में अच्छा असर है। उनके परिवार के लोग यहां रहते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने समर्थन किया तो क्षत्रिय और उनके प्रभाव वाला वोट भी भाजपा को नहीं मिलेगा। बचा खुचा अजय प्रताप सिंह ले जा सकते हैं। इसके अलावा सीधी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। कमलेश्वर के पिता स्व इंद्रजीत कुमार का क्षेत्र में हर कोई सम्मान करता है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा साफ-सुथरी छवि के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उनकी बड़ी ताकत है। क्षेत्र में भाजपा का स्थाई वोट बैंक है। हालांकि राजेश बसपा से विधानसभा का एक चुनाव लड़कर हार चुके हैं। वे बाद में भाजपा में आए।

### विस में भाजपा ताकतवर कांग्रेस की हालत पतली

चार माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी 2018 वाली स्थिति बहाल रखी है। पहले भी उसके पास 8 में से 7 सीटें थीं, अब भी हैं। 2018 में क्षेत्र की आठ में से सिर्फ एक सीट सिहावल में कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल जीते थे, जबकि 2023 में कांग्रेस के अजय सिंह चुरहट की सीट जीते। कांग्रेस के हालात पिछली बार जैसे इस मायने में भी हैं कि 2018 में अजय सिंह विधानसभा चुनाव हारे थे और 2019 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह इस बार 2023 में विधानसभा हारे कमलेश्वर को कांग्रेस ने लोकसभा का टिकट दे दिया। अजय सिंह को 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। कमलेश्वर पटेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह 4 जून को मतगणना के दिन पता चल सकेगा।

### तीन जिलों में फैला है सीधी लोकसभा क्षेत्र

भागौलिक दृष्टि से सीधी लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। पिछले चुनाव तक यह दो जिलों सीधी और शहडोल तक था, लेकिन बाद में सिंगरौली नया जिला बन गया। इसके बाद इसकी सीमा तीन जिलों को छूने लगी। लोकसभा की सीमा में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सीधी जिले की चार विधानसभा सीटें चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी आती हैं। सिंगरौली जिले की तीन सीटें चितरंगी, देवसर और सिंगरौली हैं जबकि एक सीट व्यौहारी शहडोल जिले की है। इनमें से सिर्फ चुरहट में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस के अजय सिंह 27 हजार 777 वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष सभी सीटों में भाजपा काबिज है। उसकी जीत का अंतर कुल मिलाकर 2 लाख 2 हजार से ज्यादा है। इससे भाजपा की ताकत का पता चलता है।

### अजा-जजा, ब्राह्मण पिछड़ों का दबदबा

परिसीमन से पहले सीधी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। क्षेत्र की 8 में से 3 विधानसभा सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी एक विधानसभा सीट आरक्षित है। दोनों वर्ग के मतदाताओं की तादाद 4 लाख के आसपास बताई जाती है। इसके बाद ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के लगभग बराबर 3-3 लाख मतदाता हैं। पिछड़ों में पटेलों के अलावा काछी और यादव बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों के एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में जाने की संभावना है। पटेलों के साथ कुछ अन्य पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जा सकती हैं। भाजपा के बागी गोंगपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह क्षत्रियों और आदिवासियों के कुछ वोट ले जा सकते हैं।

### विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2580 | 4305 |
| गेहूं 1544 | 1950 | 2980 |
| चना | 3650 | 5900 |
| मसूर | 5200 | 6040 |
| सोयाबीन | 3810 | 4740 |
| सरसों | 2800 | 5320 |
| धान | 1600 | 3800 |
| तेवड़ा | 4220 | 5022 |

### खबर संक्षेप

#### उत्कृष्ट कार्यों के लिए 15 बीएलओ होंगे सम्मानित

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को टीएल बैठक के बाद जिले की पांचों विधानसभाओं के सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष तीन-ती बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर पुरस्कृत किया जाएगा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले शीर्ष तीन-तीन बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) इस प्रकार कुल 15 बीएलओ को पुरस्कृत किया जाएगा।

#### बेहतर राजस्व कार्य करने वाले पुरस्कृत हुए

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने शनिवार को राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे विभागीय मूल काम के क्रियान्वयन मामलो में ऐसी ही स्पीड बनाए रखें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण व वसूली कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य मौके पर पुरस्कृत हुए। कलेक्टर व अपर कलेक्टर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया है। राजस्व अधिकारियों की उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लोकसभा निर्वाचन के लिए किए जाने वाले प्रबंधो पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

#### प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन होगा

**विदिशा।** मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी, टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल द्वारा दौड़ सहित रेसवॉक, हाई जम्प, लॉग जम्प, ट्रिपल जम्प, पोल वाल्ट, शाटपुट, डिस्कस, हेमर थ्रो, जेवलीन थ्रो विधाओं के लिये प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ट्रायल 15 एवं 16 अप्रैल टीटी नगर भोपाल में 7 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा।

### खुलासा: बाप- बेटी की हत्या के मास्टरमाइंड सहित दो आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

# एक हत्या के बाद हुई जेल, लॉकअप में दूसरी हत्या का प्लान बनाया, बाहर आते ही उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पुरानी रंजिश को लेकर बाप बेटे की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपी पहले मृतक के पिता की हत्या की फिर जेले में अपने दोस्तों के साथ उसके बेटे को मौत के घाट उतारने की साजिश रची। आरोपी ने मृतक के पिता की 18 महीने पहले हत्या की थी। तब से वह जेल में बंद रहा। तीन महीने पहले उसे जमानत मिली। जमानत मिलते ही दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिला विदिशा और जिला सागर की सीमावर्ती क्षेत्र हनोता बांध क्षेत्र में खुरई निवासी रोजगार सहायक सुरेंद्र राजपूत की पत्थर से कुचलकर 3-4 अप्रैल की रात हत्या की थी। कुरवाई एसडीओपी मनीष राज और पठारी थाना प्रभारी विमलेश राय ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित की। खुरई पुलिस के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने जुर्म कबूल किया।




पठारी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या के आरोपियों को दबोच लिया।

#### मृतक था पिता की हत्या का फरियादी और मुख्य गवाह

18 महीने पहले मास्टरमाइंड जितेंद्र राजपूत ने मृतक सुरेंद्र राजपूत के पिता के घर पर लूट कर हत्या को अंजाम दिया था। मृतक सुरेंद्र राजपूत उस घटना का मुख्य गवाह था। आरोपी जितेंद्र मृतक को भी रास्ते से हटाना चाहता था। आरोपी जितेंद्र राजपूत के भाई का 5 साल पहले बीना के पास दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह मृतक के परिवार को इसका दोषी मानता था। जिसको लेकर पहले मृतक के पिता और अब मृतक की हत्या की है। बताया जाता है कि आरोपी जितेंद्र राजपूत और मृतक सुरेंद्र राजपूत एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

#### ऐसे दिया अंजाम

मास्टरमाइंड जितू उर्फ जितेंद्र राजपूत मृतक के पिता जगदीश राजपूत की लूट एवं हत्या के मामले में खुरई उप जेल में बंद था। जेल में ही मृतक की हत्या की साजिश रची। मास्टरमाइंड ने अपने दोस्त राकेश पटेल और नमन गुप्ता को कर्ज चुकाने के लिए 3 लाख रुपए देने का कहकर अपने साथ मिला लिया। 3 महीने पहले मास्टरमाइंड जितेंद्र राजपूत को जेल से जमानत मिली। आरोपी राकेश पटेल और नमन गुप्ता ने सुरेंद्र राजपूत से दोस्ती की। दोनों आरोपियों ने मृतक सुरेंद्र राजपूत को खुरई में जमकर शराब पिलाई। उसके बाद हनोता बांध ले आए। तीनों ने तौलिया से मृतक के गले में फंदा लगाकर गला घोट दिया। फिर पत्थर से सिर कुचल दिया।

#### पहले शव और आरोपी दोनों ही थे अज्ञात

कुरवाई एसडीओपी मनीष राज ने बताया कि 4 अप्रैल को थाना पठारी में सूचना प्राप्त हुई कि हनोता बांध की सड़क के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। जिसमें पाया कि 38 वर्षीय सुरेंद्र राजपूत पिता स्व जगदीश राजपूत निवासी ग्राम मुहली मुहक्कम हाल निवासी महावीर वार्ड खुरई जिला सागर का है। जो रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ है। पठारी पुलिस टीम ने खुरई एसडीओपी और खुरई पुलिस के सहयोग से शहर के सीसीटीवी कैमरा खंगार डाले जिसमें मृतक दो व्यक्तियों के साथ बाइक पर नजर आया। इतना सुराग लगते ही पुलिस हरकत में आई। कुछ ही समय में तकनीकी संसाधनों, स्थानीय लोगों, मुखबिरों की सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की तलाश गिरफ्तार किया।

# खरीदी केंद्र प्रभारी के साथ मारपीट, एसपी से शिकायत



विदिशा। ज्ञापन सौंपते हुए पैक्स समितियों के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र सहकारिता महासंघ के पदाधिकारी और कर्मचारियों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर व एसपी सहित सहकारिता आयुक्त के नाम ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया कि उदयपुर के ग्राम बावली सोसाइटी में केंद्र प्रभारी घनश्याम शर्मा के साथ कुछ आसामाजिक तत्व द्वारा मारपीट की गई है। जिससे उन्हें गंभीर चोटे भी आई हैं। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। महासंघ के जिला स्तरीय पदाधिकारी राजेंद्र कटारे ने बताया कि इस संबंध में गंजबासौदा थाने में एफआईआर दर्ज कराने गए थे। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। इसके कारण जिला मुख्यालय पर ज्ञापन देने आए हैं। रविवार तक यदि आरोपियों पर एफआईआर नहीं की गई तो सोमवार से सभी सोसाइटियों पर तुलाई कार्य बंद करके जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### कलेक्टर ने चार को किया जिलाबदर

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार बैद्य ने जिले के चार आदतन अपराधियों को एक-एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश पारित किये हैं। इन आदतन अपराधियों द्वारा गंभीर अपराध घटित करने जैसे लोगों के साथ मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, हत्या अड़ीबाजी, बलवा जैसे जघन्य सामाजिक अपराध घटित कर माहौल खराब कर आमजनों को परेशान करने के कारण, पुलिस अधीक्षक विदिशा के प्रतिवेदन पर एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से अनावेदक अरविन्द पुत्र बैजनाथ गुर्जर निवासी ग्राम सिरवढा थाना देहात गंजबासौदा, संतोष पुत्र शंकरलाल अहिरवार निवासी ग्राम बीरवाई थाना हैदरगढ़, भारत कुचबंदियां पुत्र महेश कुचबंदिया निवासी शेरपुरा टीला थाना सिविल लाइन सहित नितिन सरवैया को एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर निष्कासन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। हालांकी नितिन सरवैया को जिलाबदर करना किसी के गले नहीं उतर रहा है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि उक्त अनोवदक एक वर्ष तक की कालावधि के लिए जिलाबदर के दौरान विदिशा एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ़ की राजस्व सीमाओं में भी नही रह सकेगें।

### अभिभाषक संघ चुनाव

# इस बार अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला

**13 अप्रैल को अभिभाषक संघ के पदों के लिए मतदान होगा। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों के लिए 8 उम्मीदवार मैदान में हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अभिभाषक संघ विदिशा के चुनाव में नाम वापसी के बाद मुख्य मुकाबला तीन उम्मीदवारों के बीच होगा।

13 अप्रैल को अभिभाषक संघ के पदों के लिए मतदान होगा। अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में एडवोकेट संतोष कुमार शर्मा ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है। अब अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभुदयाल यादव, संजय चतुर्वेदी और कैलाश सिंह किरार के बीच चुनाव होगा। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में सुभाष बोहत की नाम वापसी के बाद अब राजकुमार सक्सेना और राकेश यादव के बीच चुनाव होगा। सचिव पद के लिए सिर्फ दो अधिवक्ता ही दावेदार हैं, इनमें प्रेमसिंह दांगी, राजेंद्र सिंह दांगी का नाम है। सह सचिव पद के लिए रविन्द्र रघुवंशी और नरेंद्र द्विवेदी उम्मीदवार हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए जीवन सिंह सेन और धर्मेन्द्र किरार आमने सामने होंगे। वाचनालय सचिव पद के लिए दीपक वाजपेयी की नाम वापसी के बाद प्रेमनारायण शर्मा और दीपक सक्सेना उम्मीदवार हैं। वरिष्ठ कार्यकारिणी के 6 पदों के लिए 8 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें एडवोकेट ओमप्रकाश दुबे, दीपक कुमार श्रीवास्तव, अजय कुशवाह, प्रवीण वसिया, सरवर खान सब्बाग, देवेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनील शर्मा, राजेश कुमार यादव शामिल हैं। कनिष्ठ कार्याकरिणी के 4 पदों के लिए पांच उम्मीदवारों में उमाशंकर शर्मा, भागचंद अहिरवार, रविन्द्र कुमार रघुवंशी, धर्मेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, श्रीमति ममता जैन शामिल हैं।

## ब्राउन शुगर मामले में फरार डॉ. राजकुमार लोधी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ब्राउन शुगर खरीदने के आरोप में फंसे डॉक्टर राजकुमार लोधी पिता कमल सिंह लोधी उम्र 32 साल निवासी बंटीनगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुछ दिन सिविल लाइन पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। तीन आरोपी मौके से फरार हो गए थे। जिसमें से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने फरार आरोपी डॉक्टर राजकुमार लोधी को जो बंटीनगर के पास घूम रहा था को गिरफ्तार कर लिया गया है।पूछताछ में आरोपी ने ब्राउन शुगर बेचना एवं नशा करने वालों को अपनी क्लीनिक में नशे का इंजेक्शन रुपए लेकर लगाना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



### राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

# टीमवर्क के साथ लोकसभा चुनाव संपन्न कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

लोकसभा चुनाव को जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी को टीमवर्क की भावना से चुनावी कार्यों को करना होगा।

किसी एक की गड़बड़ी से पूरे जिले का नाम प्रभावित होता है। अतः जिले में लोकसभा निर्वाचन के दौरान कही भी कोई गड़बड़ी ना हो यह हम सबका नैतिक दायित्व है। यह बात कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने शनिवार को राजस्व, पुलिस अधिकारियों की संयुक्त कार्यशाला में कही। कलेक्टर श्री वैद्य ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित संयुक्त कार्यशाला में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक बिन्दुवार लिखित दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं, बस हम सब उसका बारिकी से अध्ययन कर पालन करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिस भी व्यक्ति के द्वारा त्रुटि की जाती है वह स्वंय तो जिम्मेदार होता ही है साथ ही साथ जिले की ख्याति भी प्रभावित होती है। अतः भूल से भी ऐसी कोई त्रुटि न हो जिससे बाद में पछताना पड़े और दंड के सहभागी बनें।



### मतदाता जागरूकता के लिए मैच 9 को होगा

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता अपने मतों का उपयोग मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर करें। यह संदेश देने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ भरसट ने बताया कि मंगलवार नौ अप्रैल को मतदाता जागरूकता के तहत क्रिकेट मैच का आयोजन कनारा क्रिकेट ग्राउण्ड पर किया गया है जिसमें से आठ से दस ओवर के मैन खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में छह टीमें शामिल है। जिसमें मीडिया टीम के अलावा जिला प्रशासन, पुलिस, स्वीप के सहयोगी दलों की टीमें शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### उत्साह से मनाया जाएगा गुड़ी पड़वां पर्व



**गंजबासौदा।** सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शास्त्र अनुसार नव वर्ष मंगलवार को प्रारंभ हो रहा है। प्रतिवर्षानुसार सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति द्वारा प्रातः 6 बजे गांधी चौक श्रीराम जानकी मंदिर से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर बरेठ रोड तक नववर्ष सनातनी संकीर्तन यात्रा निकाली जावेगी। यात्रा का समापन सुबह 10 बजे श्री लक्ष्मीनारायण जी मंदिर पर देवपूजन, पंचांग पूजन वर्षफल वाचन एवं आरती प्रसाद वितरण के पश्चात किया जाऐगा। समिति द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों से सुबह 06 बजे गांधी चौक पर सनातनी संकीर्तन यात्रा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। समिति ने नववर्ष का महत्व बताते हुए कहा कि सनातन धर्म का प्रारंभिक दिवस, विकम सम्वत्सर प्रारंभ दिवस, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ दिवस, श्री घट स्थापना एवं ध्वजारोहण दिवस, डॉ. हेडगेवार (R.S.S. संस्थापक) का जन्मदिवस भी है।

### ईदुल फितर की नमाज का वक्त तय हुआ

**गंजबासौदा।** जामा मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज का वक्त तय करने के लिये सभी मस्जिदों के जुम्मेदारानों एवं जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के मेम्बरान की मौजूदगी में एक बैठक मुफ्ती जकी अहमद की सदारत में आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से ईदुल फितर की नमाज का वक्त एवं स्थान तय किये गये ईद का चाँद नजर आने पर ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:15 बजे एवं मोहम्मदी मस्जिद में 07:45 बजे एवं मकबरा शरीफ वाली मस्जिद में 8 बजे ईद की नमाज अदा की जायेगी। यह निर्णय जामा मस्जिद गंजबासौदा में एक बैठक के दौरान लिया गया। उक्त जानकारी मोहम्मद हनीफ फजलानी ने दी।

### ट्रस्ट का निःशुल्क नेत्र शिविर 9 अप्रैल को

**गंजबासौदा।** मील रोड स्थित विजन सेंटर पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा विशाल मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन स्वर्गीय नारायण सदा शिव पिंगल सेवा संस्थान के सहयोग से 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर के 2 बजे तक किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू एवं डॉक्टर राजकरण वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को ट्रस्ट द्वारा विजन सेंटर पर शिविर का आयोजन किया जाता है एवं मोतियाबिंद से चिन्हित रोगियों को आनंदपुर बस द्वारा भेजा जाता है। डॉक्टर एके जैन, गणेश राम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दिलीप देसाई, विजय अरोरा ने नगर सहित ग्रामीण अंचल के नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक संख्या में नेत्र शिविर में शामिल होकर लाभ उठाने की अपील की है।

# नीलामी को लेकर किसानों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत गुरूवार की शाम के समय कृषि उपज मण्डी में नीलामी के लिए तीन लाइनें जिनमें लगभग 450 ट्रेक्टर, ट्राली शेष रह गई थीं। जिनकी नीलामी शाम तक नहीं हो सकी। शनिवार तक ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या और भी बढ गई, लेकिन शनिवार को भी नीलामी के बाद सैकडों ट्रॉली उपज नीलामी से वंचित रह गई। अब रविवार से आगामी गुरूवार तक मंडी बंद रहेगी और यह जानकारी मिलते ही नीलामी से वंचित रहे किसान अपनी उपज की नीलामी की मांग करने लगे। लेकिन जब किसानों की कृषि जिंसों की नीलामी शुरु नहीं हुई तो उन्होंने सड़क पर एकत्रित होकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इन किसानों ने मंडी कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और फिर मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों ने आपसी चर्चा कर दोपहर बाद पौने चार बजे से बची हुई ट्रॉलियों की उपज की नीलामी की। इस तरह आज मंडी में मौजूद पूरी उपज की नीलामी हो सकी। यहां उल्लेखनीय है कि गुरुवार को दिन भर नीलामी कार्य जारी रहा था। अधिक ट्रेक्टर, ट्राली होने के कारण अनेक किसानों की जिंसों की नालामी नहीं हो सकी थी। ऐसा ही आज भी होने जा रहा था।

## नपाध्यक्ष ने व्यवस्थाओं को देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आयोजित हो रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर पालिका द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव आश्रम पहुंची। उन्होंने नपा के कर्मचारियों को निर्देश दिए की वह व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कोताही ना बरते। महोत्सव में शामिल होने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं, संतों के लिए पर्याप्त पानी, सफाई व्यवस्था उपलब्ध रहे इसके लिए नपा के कर्मचारी पूरे समय मुस्तैद रहें। इस दौरान आश्रम के महंत राम मनोहर दास से व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। मंदिर की सुंदरता को देख वह प्रफुल्लित हो गई। इस मौके पर सरीता जैन आदि मौजूद थीं।

### चारों मंडलों में उत्साह से मना भाजपा का स्थापना दिवस, कई ने ली सदस्यता

# कार्यकर्ताओं ने 261 स्थानों पर ध्वज फहराकर मनाया स्थापना दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी की मंशा अनुरूप प्रत्येक पोलिंग बूथ पार्टी का ध्वज फहराया गया गंजबासौदा विधानसभा में कुल 4 मंडलों में बासौदा नगर, ग्रामीण, त्योंदा, ग्यारसपुर मिलाकर कुल 261 पोलिंग बूथ पर भाजपा का ध्वज फहराया गया। इसके लिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पार्टी ने एक नेता को प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी भी दी थी जिसके मार्गदर्शन में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हो और वह पोलिंग बूथ पर आम जन मानस को पार्टी की रीति नीति को समझा सके, जिसको लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारतीय जनता पार्टी के 45 वे स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जिला मंत्री चंद्रशेखर दुबे, विधानसभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, मंडल अध्यक्ष सौरभ सन्नी भावसार सहित अनेक भाजपा नेता विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्मिलित हुए और कार्यक्रम में भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एव पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर बस्तियों में जनसंपर्क कर पार्टी की रीति नीति से अवगत कराया। भारतीय जनता पार्टी व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा बनाई गई रीति नीति से प्रभावित होकर सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। जिन्हे अनेक स्थानों पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन ने भाजपा का पट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर सभी ने प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 90 प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनेक भाजपा पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस के अवसर विधानसभा के बूथ क्रमांक 161 पबई में मनाया गया। जिसमें नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव सहित अनेक भाजपाई मौजूद थे। वहीं वार्ड क्रमांक 5, बूथ क्रमांक 38 पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, राजेश शर्मा बूथ महामंत्री सुरेंद्र दांगी, महिला मोर्चा जिला मंत्री आरती श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य साधना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी सीमा सेन उपस्थिति थीं। इस अवसर पर बहुत से कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें रघु रघुवंशी, शिवा दुबे, विकास रघुवंशी, संतोष शर्मा, मुकेश शर्मा, साहिल रघुवंशी, अभिषेक शर्मा, वर्षा सेन, आशा सेन आदि ने वार्ड में सभी कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों से जन संपर्क किया। इस मौके पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गुड़ी पड़वां पर निकलेगी वाहन रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिवस विश्व हिन्दू परिषद की नगर बैठक महावीर धर्मशाला पुराना मेला ग्राउंड में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर संगठन की आचार पद्धति से किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने कहा कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक हमें हर समिति पर रामोत्सव मनाना है, साथ ही हर कार्यकर्ता को संगठन के लिए धर्म रक्षा निधि का समर्पण करने की बात कही एवं परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी के प्रशिक्षण वर्गों की जानकारी दी। जिला महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाहा ने बताया कि 9 अप्रैल गुड़ी पड़वा के दिन बजरंग दल के विद्यार्थी आयाम के तत्वावधान में गांधी चौक राम जानकी मंदिर से सुबह 9 बजे भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि सदर बाजार, सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, त्योंदा रोड, मिल रोड, स्टेशन मार्ग, नेहरू चौक से होकर पुनः जय स्तंभ चौक बरेठ रोड होते हुए नवीन बस स्टैंड पर समापन होगी। जिसमें सभी विद्यार्थी वर्ग एवं हिन्दू समाज को आमंत्रित करने की योजना बनी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख लक्ष्मीनारायण शास्त्री, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिलीप कुमार देसाई, जिला गौ रक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, जिला गौरक्षा प्रमुख टोनी अहिरवार,नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, नगर मंत्री संजय सिलावट, नगर संयोजक भजन प्रजापति, ऊहर प्रखंड अध्यक्ष विपिन देव, ऊहर प्रखंड संयोजक अतुल ठाकुर, हेमंत पंथी, मनीष अग्रवाल, नितिन भाटे, मोनू कुर्मी, श्याम रघुवंशी, रूपेश अहिरवार, रानू मालवीय, रितिक, अमित, दिनेश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय स्कॉलर्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल पचमा रोड में शनिवार को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के ध्येय से एक छाया चित्र दी वे टू हेप्पीनेश का चित्रण किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को उनके चारित्रिक निर्माण के साथ-साथ अपने से बड़ों के प्रति आदर का भाव रखने की, छोटों को स्नेह करने की एवं समाज एवं परिवार के प्रति उत्तरदायी रहने की सीख दी गई। अन्ततः हर स्थिति में प्रसन्न रहने के गुणों से अवगत कराया गया। जिससे कि विद्यार्थी इस ज्ञान को अपने जीवन में उतार सके एवं एक वैश्विक नागरिक बन सकें। इस मौके पर विद्यालयीन स्टॉफ और बडी संख्या में छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।



### कृष्णाबाई श्रीवास्तव का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव रिटायर आरआई की पत्नी एवं कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव की माताजी एवं लक्ष्मी नारायण, जय नारायण खरे की बहन, अजय खरे, सुमित खरे, सचिन खरे, आशीष खरे की बुआ अनुज, बासु की दादी एवं प्रतीक खरे, निखिल खरे की नानी कृष्णा बाई श्रीवास्तव का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास मेहता जिम वाली गली नया बस स्टैंड बरेठ रोड से शनिवार को दोपहर के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### द्रौप्ती बाई का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय स्वराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, बलबीर सिंह,गजेंद्र सिंह, श्रवण सिंह रघुवंशी की माताजी एवं रणवीर सिंह, अमर सिंह, भागीरथ सिंह, रामकृष्ण सिंह रघुवंशी की ताईजी एवं शंकर सिंह भल्लू, सुंदर सिंह, अरविंद सिंह, संजीव सिंह विश्वजीत सिंह, सचिन, सिद्धू, अमित, कपिल, टिंकू रघुवंशी की दादी द्रौपती बाई रघुवंशी का स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को ग्राम तिलातिली में किया गया।




### तहसील स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सोमवार को

# विद्यार्थियों ने परीक्षा में जिला व तहसील में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





विगत दिनों अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन कराया गया था। जिसमें जिले में 10000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं गंज बासौदा तहसील में 2200 छात्र, छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें कक्षा 5 से लेकर मेडिकल स्तर तक के छात्र छात्राएं शामिल हुए थे। उक्त परीक्षा में नगर के 6 छात्रों ने जिला एवं 24 छात्रों ने तहसील स्तर पर जगह बनाई है। विशेष बात यह रही ,कि इस परीक्षा में अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय के 84 डॉक्टरों एवं 27 अन्य महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं ने भी भाग लिया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारी एसके सैनी ने विशेष मेहनत कर 2311 छात्र-छात्राओं की लंबी फेहरिस्त परीक्षा में शामिल कराई। गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों ने इस कार्य के लिए उन्हें हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बधाइयां प्रेषित की हैं। साथ ही आशा व्यक्त की है कि वह इसी प्रकार गुरुदेव के कार्य को आगे बढ़ाते हुए सनातन धर्म का प्रचार और प्रसार करते रहें। उनकी कठिन मेहनत से ही इस वर्ष मेडिकल के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो सके। तहसील स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह गायत्री प्रज्ञापीठ बरेठ रोड पर 8 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें गायत्री परिवार ने नगर के गणमान्य नागरिकों, गायत्री परिवार से जुड़े पदाधिकारियों एवं छात्र, छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### शांति समिति की बैठक आज

**गंजबासौदा।** शांति समिति की बैठक रविवार को पटवारी सभा हॉल में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें सभी गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की है।

### नपा ने कराया वार्डों में धुंए का छिड़काव

**गंज बासौदा।** गर्मी के चलते नगर में मच्छरों का प्रकोप बढ गया है। नगर पालिका द्वारा मच्छर भगाने के लिए फागिंग मशीन से नगर में गलियों और मोहल्ले मच्छर मार दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। शनिवार को मील रोड, स्टेशन रोड सहित मुख्य मार्गों पर नपा कर्मियों द्वारा मच्छर नाशक धुंए का छिड़काव कराया गया। जिससे नगरवासियों को मच्छरों से राहत मिल सके।

## यज्ञ महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, मिट्टी के बर्तनों में लगेगा भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में जिस तरह भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की सेवा और पूजा की जाती है। उसी पद्धति पर नौलखी आश्रम में विराजमान होने जा रहे भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रतिष्ठा के लिए वेत्रवती घाट पर 33 कुंडीय यज्ञशाला के अलावा एक और यज्ञशाला बनाई जा रही है। जिसमें केवल महाप्रभु जगन्नाथ की प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। प्रतिष्ठा के लिए जगन्नाथपुरी से 10 आचार्य के अलावा और एक रसोईया भी आएगा जो की महाप्रभु का भोग तैयार करेगा। जगन्नाथपुरी में महाप्रभु का भोग मिट्टी के जिन बर्तनों में तैयार होता है। उसी तरह के 100 से अधिक इन बर्तनों को ग्राम पचमा में तैयार कराया जा रहा है। भोग तैयार होने के बाद केले के पत्तों और मिट्टी के बर्तनों में भगवान को भोग परोसा जाएगा। शनिवार को नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने आश्रम पहुंचकर नपा द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को निर्धारित जिम्मेदारियों में किसी भी तरह की कोताही ना बरतने के निर्देश दिए। मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर भगवान सीताराम दरबार के साथ भगवान जगदीश स्वामी, बलभद्र और बहन सुभद्रा सहित अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का विराट महोत्सव 10 अप्रैल से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होने जा रहा है जो कि 20 अप्रैल तक चलेगा। आयोजन में पहली बार 1200 किलोमीटर की पदयात्रा कर जगन्नाथपुरी से आए भगवान जगदीश स्वामी के नवीन विग्रहों की भी प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंदिर के समीप ही एक कुंडीय यज्ञशाला बनकर तैयार हो चुकी है। जिसमें महाप्रभु के विग्रह रखे होंगे जहाँ प्रतिदिन वेद मंत्रों के बीच प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जगन्नाथ स्वामी के विग्रह की स्थापना के यजमान मनीष पाठक और सीताराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के यजमान नरेश गुप्ता हैं। पाठक ने बताया कि महाप्रभु की प्राण प्रतिष्ठा की पद्धति पूरी तरह से जगन्नाथपुरी में होने वाली प्रतिष्ठा के अनुसार अपनाई जा रही है। महाप्रभु की सेवा और प्रतिष्ठा में कोई कमी ना रहे इसके लिए आश्रम के महंत राम मनोहरदास महाराज ने विशेष ध्यान रखा है। उड़ीसा के ही पुजारियों के मार्गदर्शन में प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न होगा। नौलखी पर आयोजित हो रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में राम कथा रासलीला के अलावा मेले का भी आयोजन हो रहा है। मेले में मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, राजस्थान के प्रमुख झूले भी पहुंच गए हैं। मेले की व्यवस्था संभाल रहे पार्षद मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि नौलखी का मेला भव्य और ऐतिहासिक होगा। अभी तक जो झूले नगर में लगने वाले मेले में नहीं पहुंचे हैं। उन झूलों को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बुलाया गया है। जिसमें बच्चों के लिए हवाई जहाज, क्रॉस झूला, हेलीकॉप्टर स्कॉर्पियो, चकरी मिनी नाव, मारुति सर्कस सहित कई अन्य झूले हैं। इसके अलावा मेले में विभिन्न दैनिक उपयोगी जरूरत की सामग्रियों की दुकान लगाने के लिए भी बाहर से दुकानदार भी आ रहे हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई

# अपने पहले कार्यक्रम में ही गुटबाजी में बंटी कांग्रेस, कार्यक्रम फ्लाप

## पूरे समय चलती रही भाषण बाजी, मुद्दे की बात पर किसी ने नहीं दिया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सागर,सिरोंज संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्र भूषण सिंह बुंदेला उर्फ गड्डू राजा ने सिरोंज में पहुचकर नेताओं और कार्यकर्ताओ की बैठक ली। वही बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं में गुटबाजी नजर आई। इस बैठक के संचालन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ में आपस में कोई बात नही बनी। बैठक में यह देखा गया कि मुस्लिम कार्यकर्ता और नेताओ की उपेक्षा की गई और कांग्रेंस प्रत्याशी के पहले ही कार्यक्रम में कार्यक्रम फेल होता नजर आया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्र भूषण सिंह बुदेला,पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर,विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित सिंह रघुवंशी,जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वैभव भारद्धाज,जिला प्रभारी अमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहें। इस मौके पर बैठक में इतनी लंबी भाषण बाजी हुई कि अनेको कार्यकर्ता बोर होकर बैठक से उठकर चलें गए।

### मुस्लिम समुदाय की उपेक्षा

*बुंदेला एक दिन पूर्व सिरोंज आ गए थें। लेकिन कुछ चुनिंदा नेताओ के बीच में फसे होने के कारण और रमजान में वह किसी भी मुस्लिम कार्यकर्ता से मिलने नही पहुचें। जबकि कुछ चुनिंदा नेताओं के घर जरूर गए थें। इसी तरह बैठक में मंच संचालक सुरेश यादव द्वारा मुस्लिम नेताओं की उपेक्षा की गई। मंच संचालक द्वारा एक भी बार किसी मुस्लिम नेता का नाम नही लिया गया। कांग्रेस नेता अनीस भाई, केशर खान, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरशाद गौरी,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतीक मंसूरी,युवा कांग्रेस के प्रदेश सहसचिव सैफू खान, अल्पसंख्यक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जुनैद खान की उपेक्षा के साथ यह चर्चा भी रही कि रमजान में जुमे के दिन ही नमाज के समय ही बैठक क्यों रखी गई। यह बैठक का समय आगे पीछे भी हो सकता था।*



### मोर्चा संगठनो की भी हुई उपेक्षा

*लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस बडी नाजुक स्थिति से गुजर रही है। सिरोंज-लटेरी विधानसभा में देखा जाए तो कांग्रेस कार्यकर्ता की एक अच्छी भूमिका रहती है लेकिन कार्यक्रम में युवा कांग्रेस,एनएसयूआई,कांग्रेस सेवा दल,महिला कांग्रेस एंव अन्य संगठनो को भी दूर रखा गया। इन सभी संगठनो को एक करने के लिए जिला कांग्रेस कमेठी के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को संगठित करना था। जो कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नही कर पाई।*

### जिला प्रभारी अमित शर्मा को लेकर कार्यकर्ताओ में हुई कानाफूसी

*वर्तमान में कांग्रेस की स्थिति को देखा जाए तो प्रतिदिन कांग्रेस के दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हो रहें है। विदिशा जिले के कांग्रेस प्रभारी अमित शर्मा शुरू से ही प्रभारी के पद पर कार्य कर रहें है। विदिशा जिले में जो कांग्रेस में एक नया गुट बना था और जो कांग्रेस गुटो में बट गई थी। उसके प्रमुख सूत्रधारक अमित शर्मा बताए जाते है। अमित शर्मा के राजनैतिक गुरू पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी के भाजपा में जाने से अमित शर्मा को कार्यकर्ता सक की नजरो से देख रहें है। वही गुड्डू राजा का जब लटेरी,सिरोंज,कुरवाई का कार्यक्रम बना था। तब एक दिन पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी,प्रभारी अमित शर्मा को प्रत्येक ब्लॉक में तैयारियो को लेकर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक लेना था। लेकिन ऐसा कुंछ नही हुआ और लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी गुड्डू राजा को अकेले छोडकर चले गए और एन मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित नजर आए। वही जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वैभव भारद्धाज एंव कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय समंवयक सुरेन्द्र रघुवंशी पूरे कार्यक्रम को संभालते नजर आए और उन्होने कार्यक्रम में पहुचे प्रत्येक कार्यक्रर्ता का स्वागत किया।*

# केडीबीएम इंटरनेशल स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस

### बच्चो ने टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, वॉलीबॉल सहित अनेक प्रकार के खेलो में लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के कष्टम पथ स्थित केडीबीएम इंटरनेशल स्कूल में शनिवार के अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता में अपनी रुचि के अनुसार भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेस, वॉलीबॉल सहित अनेक प्रकार के खेलो में उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय खेलो के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि खेल लोगों के जीवन में शारीरिक गतिविधियों और सकारात्मक भूमिका को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। विकास और शांति के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस स्वस्थ जीवन शैली को सुविधाजनक बनाने में मदद करता है। वही उन्होने बच्चो से कहा कि खेल और आराम में करो खेल का चुनाव। खेलों द्वारा विकसित होता है शरीर तथा स्वास्थ्य पर पड़ता है इसका अच्छा प्रभाव।

# वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर कब्जे, कब्रिस्तानों को खुर्द-बुर्द कर की जा रही खरीद-फरोख्त

### बाबा फकरूद्दीन साहब के पहाड़ पर सामुदायिक भवन के फर्श और सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष जनाब सनव्वर पटेल व विदिशा जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी के निर्देश पर तहसील वक्फ कमेटी के अध्यक्ष वाजिद कुरैशी के नेतृत्व में थाना परिसर में एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर हो रहे अवैध रूप से कब्जे एवं कब्रिस्तानों को खुर्द बुर्द कर खरीद फरोख्त और अवैध अतिक्रमण सहित वक्फ बोर्ड की कृषि भूमि को लेकर 6 सूत्रीय मांग पत्र सौपा गया। ज्ञापन में प्रशासन को अवगत कराते हुए उल्लेख गया कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के प्रयासों से फखरुद्दीन साहब की पहाड़ी, मौला अली साहब की पहाड़ी और ईद गाह व नगर के कब्रिस्तान की बाउंड्री बाल का कार्य लाखों



करोड़ों रुपए की लागत से कराया गया था जो अब देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रहा है और आए दिन इन स्थानों पर सामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है इन स्थानों पर सभी समाजों के लोग आस्था रखते हैं वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा से हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मोदी जी की मंशा अनुसार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ आप भी पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे।

### बाबा फकरूद्दीन साहब के पहाड़ पर बना गेट और फर्श जर्जर

*बाबा फकरुद्दीन साहब के पहाड़ पर स्थित सामुदायिक भवन के गेट एवं फर्श काफी जर्जर अवस्था में है और उसके आस-पास के क्षेत्र में काफी गंदगी पसरी हुई है। साथ ही नगर के मौला अली का पहाड़ जहां पर जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और वहां पर ना पानी की व्यवस्था है और ना लाइट की व्यवस्था है दोनों पहाड़ों पर चौकीदार नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा अनैतिक कार्य किए जा रहे हैं और धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मौके पर वाहिद खान गोरी, नदीम मंसूरी, शब्बू गोरी, वाजिद मैकेनिक, हामिद मेवाती, हसीन खान, अशरफ खान,जफर खान आदि मौजूद रहे।*

# फाग लोकोत्सव के दूसरे दिन रही राजस्थानी लोक नृत्य की धूम



सिरोंज। शुक्रवार की रात्रि मां महामाई माता मंदिर के पास ग्राम वीरपुर में राजस्थानी लोकगीत एंव पारंपरिक नृत्य की धूम रही। फाग लोकोत्सव आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान से आए कलाकरो की टीम ने नगाड़े, नाल, पुंगी, खंजरी, हारमोनियम जैसे देशी बाद्ययंत्रों पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक भजनों की प्रस्तुति दी। तो वही इस दल में राजस्थानी वेशभूषा में शामिल महिला कलाकारों ने पनियारी,बंजारा-बंजारी,नागिन, तालबेलिया घूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। आयोजन के दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए महामाई सेवा समिति के सदस्य विधायक उमाकान्त शर्मा ने कहा कि मैया के दरबार के पास हम विगत अनेक वर्षों से हमारी समिति के माध्यम से विभिन्न प्रदेशों की लोक कलाओं का आयोजन बधाई स्वरूप तो करवाते ही है साथ ही हमारी समाज के लोग अपनी संस्कृति से भी जुड़े इसके लिए भी समिति लगातार प्रयासरत रहती है। पूर्व मंत्री स्व लक्ष्मीकांत शर्मा ने हमारे क्षेत्र को एक नई पहचान दी है जिसमे माँ महामाई का दरबार साक्षात उदाहरण है। उन्होंने सभी कलाकारों का पटका एवं पुष्पमालाओं से सम्मान भी किया। इस मौके पर उन्होंने कभी राजस्थान के टोंक का हिस्सा रहे सिरोंज के राजस्थान से जुड़े संबंधों का न केवल हवाला दिया बल्कि राजस्थान मेबाड की धरती पर जन्म लेकर राष्ट्र एवं सनातन की रक्षा में अपना योगदान देने वाले राणा सांगा, महाराणा प्रताप सहित राजस्थान के वीर सपूत जो सनातन की रक्षा में शहीद हुए उनको स्मरण करते हुए आयोजन में सहभागिता की।

### सिरोंज सिद्ध बाबा आश्रम के वरिष्ठ महंत

# रंगमंच निर्देशक पंडित संजय मेहता की पुस्तक संत कबीर का विमोचन



**सिरोंज।** ग्राम आमाढाना स्थित सिद्ध बाबा आश्रम के वरिष्ठ महंत व वरिष्ठ रंगमंच निर्देशक पंडित संजय मेहता की नवीन कृति संत कबीर का भोपाल के मोहनिया सभागार गांधी भवन कुलाधिपति रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में संतोष चौबे, वरिष्ठ पत्रकार एंव रंग समीक्षक गिरिजा शंकर, डॉक्टर विकास दवे, निदेशक मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने विमोचन किया।

इस अवसर पर डॉ विकास दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित संजय मेहता को बार बार कबीर के अनुभव से गुजरना पड़ा होगा। उन्होंने संजय मेहता की किताब शिवोहम का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी रचना करना उन्हीं के बूते की बात है। संजय मेहता रंगमंच को हर पल जीते हैं। वही उन्होने संत कबीर में उल्लेखित अनेक प्रसंग का उल्लेख किया। उन्होंने नाटक की भाषा और प्रस्तुति पर चर्चा की। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिजा शंकर ने कहा कि कबीर का जीवन, उनका दर्शन जितना उलझा हुआ है, उस पर लेख लिखना आसान है लेकिन उन पर नाटक लिखना चुनौती पूर्ण रहा है। फिर भी पंडित संजय मेहता इसमें सफल रहे हैं। कबीर को एलिट से अवाम तक पहुंचाने का माध्यम नाटक है और संत कबीर पुस्तक इसमें सफल है। नाटक की गंभीरता इस बात से है, जब खुद रंग निर्देशक लेखक बन जाता है तो वह जीवंत हो जाता है।

### शिक्षा सत्र समापन पर डेफाडिल्स स्कूल में कार्यक्रम

# छात्रों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी उपहार देकर किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणीय शिक्षण संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल एमपी बोर्ड शाखा में शिक्षा सत्र के समापन पर छात्रों, पालकों एवं स्कूल संचालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सर्वेश्वर पाठक द्वारा वार्षिक रिपोर्ट के साथ आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ब'चों का सर्वागीण विकास और विद्यालय के कुशल संचालन में माता-पिता, अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। संस्था के संचालक दिलीप धारीवाल, धर्मेन्द्र ठाकुर, मुकेश चौधरी, डा. राधेश्याम धाकड़, कौशलेन्द्र रघुवंशी द्वारा हर कक्षा वर्ग में अकादमिक पाठ्य सहभागी क्रियाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले ब'चों को प्रमाण पत्र, ट्राफी, उपहार देकर उत्साहवर्धन, प्रोत्साहन किया गया।

### कोचिंग शिक्षक को 11 हजार का चैक

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र दर्श धाकड़ के सैनिक स्कूल में चयन होने पर पिता डा. राधेश्याम धाकड़ माँ सुधा धाकड़ द्वारा दर्श धाकड़ को कोचिंग देने वाले शिक्षक सतीश राय को 11 हजार रूपये का चैक भेंट स्वरूप प्रदान किया। डेफोडिल्स स्कूल के दो छात्रों दर्श धाकड़ एवं विनय धाकड़ का सैनिक स्कूल के लिए चयन हुआ है। सर्वेश्वर पाठक एवं संचालक दिलीप धारीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रव्यापी विस्तार प्रदान करने वाली वरिष्ठ विभूतियों को नमन : डॉ. अनिल तिवारी



**सागर।** विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी का 44 स्थापना दिवस कबीर बाटिका दीनदयाल नगर मकरोनिया में बूथ क्रमांक 156 एवं 157 का संयुक्त कार्यक्रम। मुख्य अतिथि नरयावली विधायक प्रदीप लारिया की उपस्थिती में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सागर लोकसभा प्रंबध समिति सामाजिक सम्पर्क प्रभारी डॉ. अनिल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्रव्यापी विस्तार प्रदान करने वाली वरिष्ठ उन विभूतियो को नमन करता हुॅ। जिनके त्याग, समर्पण और परिश्रम से राष्ट्र सेवा को समर्पित भारतीय जनता पार्टी सभी कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, बलवंत सिंह, पार्षद राजा रिछारिया, विवेक सक्सेना, मोहन महाराज, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## डिस्पोजल का उपयोग करने एवं गंदगी फैलाने पर चालानी कार्यवाही की

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार निगम के जोन प्रभारियो द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने, अमानक पॉलिथीन व डिस्पोजल सामग्री का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर 4 हजार 5 सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों को अमानक पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े से बने थैलों का उपयोग करने और डिस्पोजल बर्तनों के स्थान पर कांच के बर्तन, चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करने

# नगर की बिटिया को फिजियोथैरीपी में मिला गोल्ड मेडल

**बरेली।** न.प. के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. डॉ. नवीन सक्सेना एवं सोनाली सक्सेना की सुपुत्री कु. मणिका सक्सेना ने बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कोर्स में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर रायपाल मा. मंगूभाई पटेल द्वारा गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। नगर की बिटिया कु. मणिका सक्सेना ने गोल्ड मैडल प्राप्त कर नगर एवं अपने-माता-पिता, परिवार का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाया गया। बिटिया की सफलता पर गणमान्य नागरिकों, परिवार जनो, शुभ चिंतकों ने बधाई, शुभकामनाएं देकर उवल भविष्य की कामना की है।



# मतदाता जागरुकता के लिए छात्रों और कर्मचारियों ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

लोक सभा चुनाव में नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रेल को मतदान होना है। अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए नजर के शासकीय, अशासकीय स्कूलों, विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा नगर में विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए रैली ने संपूर्ण नगर में भ्रमण किया।

तहसील कार्यालय प्रांगण में नगर की सभी शिक्षण संस्थाओं डेफोडिल्स स्कूल, गुरूकुल स्कूल, मानिकलाल नाहर स्कूल, नर्मदा बैली स्कूल, वात्सल्य कांवेन्ट स्कूल, बरेली विद्या मंदिर स्कूल, संस्कृति हाई स्कूल, डेस्टिनेशन स्कूल, एमपी आदर्श स्कूल, पूजा पब्लिक स्कूल, सर्वोदय हासे स्कूल, विद्या निकेतन स्कूल, एलबीएस हाई स्कूल, शा. कन्या शला, बालक हासे, बालक मिडिल स्कूल, शा. कालेज के साथ अन्य स्कूल महिला एवं बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षक आंगनबाडी कार्यकर्ता, परियोजना अधिकारी अमरनाथ शर्मा, राजस्व विभा के अनुविभागीय अधिकारी संतोष मुदगल, शा. बालक हासे के प्राचार्य केके वानी, एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, तहसीलदार अम्बर पंथी, नपं के सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं सभी कर्मचारियों की रैली में उपस्थिति रही। तहसील से प्रारंभ हुई रैली का नगर के प्रमुख मार्गो पर भ्रमण के बाद तहसील प्रांगण में समापन हुआ। रैली के समापन पर एसडीएम संतोष मुदगल द्वारा मतदान के संबंध में विंस्तार से जानकारी दी कहा कि मतदान अधिकार के साथ हमारा कार्य भी है। 26 अप्रेल कारे सभी मतइदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर अधिकाधिक मतदान कर लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाये। सभी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# मंत्री पटेल की छबि धूमिल करने रचा गया षडयंत्र, जांच की मांग

## व्यापारी व हिंदू उत्सव समिति ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



30 मार्च को भोपाल में प्रदेश के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के पुत्र अभिज्ञान के मामले में नगर व्यापारी महासंघ एवं हिउस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की छबि धूमिल करने का षडयंत्र रचने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। सौंपे ज्ञापन में दो वाहनों की मामूली टक्कर के विवाद को लेकर रायमंत्री पटेल के पुत्र अभिज्ञान की थाने में पिटाई की गई। राजनैतिक विरोधियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक घटना को राजनैतिक रंग दिया गया। मंत्री पटेल की निर्विवाद, स्पष्ट कार्यशैली कोई मुद्दा ने मिलने से उनके पुत्र को निशाना बनाया गया है। वास्तविकता के विपरीत एक पक्षीय समाचारों से राज्य मंत्री पटेल की छबि धूमिल किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बिंदुओं पर जांच की मांग करते हुए हिउस एवं नगर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मंत्री की छबि धूमिल की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करवा कर दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समय नगर व्यापार महासंघ अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, हिउस अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, दुर्गा धाकड़, किशोर श्रीवास्तव, राजेश साहू, दिलीप राठौर, महेश पटेल, रजनीश द्विवेदी, महेश पटैल, हरीचरण बारीबा सहित व्यापारियों हिउस सदस्यों की उपस्थिति रही।

# पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक सप्रे ने भाजपा का झंडा फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

भारतीय जनता पार्टी मंडल कुरवाई के द्वारा स्थापना दिवस पर कार्यालय पर विधायक हरिसिंह सप्रे ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी का ध्वज फहराया। पार्टी कार्यालय बूथ क्रमांक 125 पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर महापुरुषों को स्मरण किया गया। विधायक हरि सिंह सप्रे बताया कि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने



स्थापना दिवस पर विधानसभा में 296 बूथों पर झंडा फहराकर स्थापना दिवस मनाया गया है मंडल कुरवाई के बूथ 125 पर स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पोलिंग पर 370 वोटो की बढ़ोतरी करना एवं प्रत्येक पोलिंग कांग्रेस बिन करने का लक्ष्य रखा गया है कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की गई पर विधायक हरि सिंह सप्रे, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी , विधानसभा प्रभारी विनोद जैन,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष हरिसिंह चौहान महिला मोर्चा अध्यक्ष राजकुमारी चौबे,वरुण चौबे ,अभिषेक राजपूत की उपस्थित में स्थापना दिवस मनाया गया।

खबर संक्षेप

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन

**बाड़ी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विदिशा संसदीय लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा 7 अप्रैल को बाड़ी नगर में आयोजित होने होने वाले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता महाकुंभ सम्मेलन में 7 अप्रैल को दोपहर 1 बजे स्थान सीता स्वंवर गार्डन मैं कांग्रेस प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के बीच उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं से परिचय, सह-भोज कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने देते हुए कहा कि लोकप्रिय नेता प्रताप भानु शर्मा की कार्यकर्ता महासम्मेलन में वह कार्यकर्ताओं के दुख सुख एवं उनके विचारों संगोष्ठी में उनसे सांझा करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में लोगों के आने की अपील करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## घरों का सीवेज का गंदा पानी रोड पर बह रहा

**दीवानगंज।** कई ग्रामीण ने भोपाल विदिशा हाईवे पर प्लांट लेकर मकान बना लिए हैं और आसपास के गांव जैसे अंबाडी, सरार, करैया, बरजोरपुर, जमुनिया, कयामपुर, संग्रामपुर, देहरी, निनोद आदि गांव के ग्रामीणों ने भी फैक्ट्री चौराहे पर प्लांट लेकर मकान बनाकर रहने लगे। मगर घर से निकलने वाला सीवेज का पानी रोड पर फेल रहा है। नाली नहीं होने के कारण सीवेज का पानी रोड पर निकल रहा है जब कोई वाहन रोड से गुजरता है तो गंदा पानी के रोड पर चल रहे व्यक्ति के ऊपर उचक जाता है। जिससे हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती है। फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज से ही भोपाल विदिशा हाईवे 18 निकला है जितने भी मकान हाईवे पर बने हैं उन सबका गंदा पानी पीछे लगी हुई जमीनों में जाता है। जिससे विवाद की बनती है ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज पर नाली का निर्माण कराना चाहिए।

## वोटिंग वाले दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रायसेन।** मध्यप्रदेश में लोकसभा के चुनाव के लिये 4 चरणों में मतदान होना है। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल, द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल, तृतीय चरण का मतदान 7 मई और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

शिवराज सिंह ने किया बम्होरी बर्धा, सांईखेड़ा तथा जमुनिया का दौरा, उन्होंने कहा-

# वर्तमान में भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा

◆ कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामपाल सिंह, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी





आज भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। यह उद्गार पूर्व सीएम, विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने व्यक्त किए।

वह सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्होरी बर्धा, सांईखेड़ा व जमुनिया में चुनावी भ्रमण के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को विदिशा लोक सभा संयोजक रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने भी संबोधित किया। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इंडी गठबंधन को लेकर कहा कि गठबंधन की स्थिति ऐसी हो गई है कि इस दिल के टुकड़े हजार हुए कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा। ये तो बनने से पहले ही टूटते रहते हैं। कांग्रेस के पास न नीति है, न नीयत है और ना ही नेतृत्व है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हालत खिसयानी बिल्ली खंबा नोचे जैसी हो गई है। राहुल गांधी अजीबो गरीब बयान दे रहे हैं,कांग्रेस ने हर अच्छे काम का विरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी के नेतृत्व में 10 साल में जिस ढंग से भारत का निर्माण किया है एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली और विकसित भारत का निर्माण किया है।

इस मौके पर बरिष्ठ भाजपा नेता जोधासिंह अटवाल, रमाकांत शुक्ला, दीपक रघुवंशी, संजय मस्ताना, मुकेश राय, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक आदि मौजूद रहे।

20 गांव के ग्रामीण परेशान, शिकायत पर भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

18 साल बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को पुलिया बनने का 'इंतज़ार'

# 2 बिजली खंबों के सहारे सैकड़ों ग्रामीण की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाड़ी से भोपाल विदिशा हाईवे तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को 18 साल से टूटी पड़ी पुलिया के ऊपर से दो खंबो को रखकर निकलना पड़ रहा था। ढोला घाट की पुलिया सन 2006 में बारिश के करण बह गई थी तब से आज तक यहां पुलिया टूटी हुई पड़ी थी। पुलिया के चारों तरफ से बारिश में मिट्टी बह गई है। अब केवल पिलर ही पिलर बचे हैं। इसी टूटी हुई पलिया से रोज ग्रामीण 2 खंबे के ऊपर से निकल कर अपने कामकाज के लिए भोपाल, विदिशा, रायसेन, सांची ,अशोक नगर के लिए जाते हैं इसी पुलिया पर से 10 गांव के ग्रामीणों का रोज आना जाना है।

इस पुलिया से बारिश के समय में दीवानगंज के आसपास क्षेत्र का , पहाड़ का पानी, अंबाड़ी के पहाड़ का पानी और दीवानगंज में बना तालाब का ओवरफ्लो का पानी इसी पुलिया से होकर गुजरता है बारिश के समय में इस पुलिया से ग्रामीणों का आना जाना बंद हो जाता था। कई ग्रामीण तो अपनी जान जोखिम में डालकर इस पुलिया के ऊपर से बारिश के समय में निकलते थे। 18 साल से पुलिया पर 2 खंबे में रखे हुए हैं इन्ही खम्बो पर से होकर ग्रामीण अभी तक निकलते आए हैं। अब नई चौकी भी इसी पुलिया के पास बन गई है। अगर अब किसी को दीवानगंज चौकी पर शिकायत या आवेदन देना है तो 5 किलोमीटर दीवानगंज और फैक्ट्री से घूम कर चौकी आना पढ़ रहा था इसी रास्ते से मुस्काबाद, अंबाड़ी ,मुनारा, पिपरई, महुआ खेड़ा , हिनोतिया, काली टोर, पिपरई, मुनारा और कई गांव के लोग निकलते आ रहे थे।

अंबाडी सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार भी काफी महीनों से इस पुलिया के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायसेन जिले के लिए कई सौगात दी गई थी। जिसमें से एक सौगात अंबाडी के डोला घाट की पुलिया भी है। अब यहा पलिया मंजूर हो चुकी है। कुछ ही दिनों में पुलिया का निर्माण चालू हो जाएगा। पुलिया मंजूर होने से अरुण सेन, आनंद सेन, राकेश साहू, हरिओम साहू, मोनू साहू, मुकेश साहू, जितेंद्र मीणा, कमल मीणा, विजय मीणा आदि ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इतने सालों की मांग अब जाकर पूरी हो रही है। पुलिया के बन जाने के बाद हमको 5 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे हमारा समय भी बचेगा और हम जहां जा रहे हैं वह समय से पहले पहुंच जाएंगे।



### पुलिया टूटने से 3 किमी घूमकर जाने को मजबूर थे ग्रामीण

सांची विधानसभा के ग्राम अम्बाडी में 2006 में तेज बारिश के बहाव में टूटी पुलिया आज 18 साल बाद भी नहीं बन पाई है। ग्रामीण बिजली के खंभे रखकर अपनी जान जोखिम में डालकर इस पुलिया को पार करते है। बारिश के समय यहां से निकलना और भी खतरनाक हो जाता है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण इस रास्ते से होकर विदिशा और भोपाल के लिए जाते हैं। मगर पुलिया टूटने के कारण लगभग 3 किलोमीटर घूम कर जाने को मजबूर हैं। वहीं जिम्मेदार का कहना है कि इस रास्ते पर विवाद चल रहा है। विवाद सुलझने के बाद ही पुलिया बन पाएगी। अब सवाल उठता है कि 18 साल से इस पुलिया का बनने का इंतजार कर रहे हैं ग्रामीण। अब कब तक इंतजार करेंगे।

### इनका कहना है...

ग्रामीण काफी दिनों से इस पुलिया के निर्माण के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते आ रहे थे ग्रामीण भी काफी सालों से पुलिया निर्माण करने को कह रहे थे। कुछ अड़चनों के कारण पुलिया मंजूर नहीं हो पा रही थी। लेकिन अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के अथक प्रयास के कारण पुलिया मंजूर हुई हैं। कुछ ही दिनों में भूमि पूजन किया जाएगा।

**- कुंती रमेश कुमार अहिरवार**, अंबाडी सरपंच

◆ हम काफी सालों से पुलिया निर्माण के लिए कई विधायकों के पास गए हैं। पुलिया को टूटे हुए 18 साल हो गए हैं। अब जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी के अथक प्रयास के कारण पुलिया मंजूर हुई है। अब 10 गांव के ग्रामीणों को कुछ ही महीनों में सुविधा मिलने लगेगी।

**- हरिओम साहू,** निवासी अंबाडी

◆ 18 साल बाद डोला घाट की पुलिया की मंजूर हुई है। पुलिया मंजूर होने के कारण आसपास के कई गांव के ग्रामीण काफी खुश है। कुछ भी क्यों नहीं होंगे क्योंकि 18 साल के बाद पुलिया का निर्माण होने जा रहा है। 10 गांव के ग्रामीणों को दीवानगंज चौकी, भोपाल विदिशा सांची रायसेन तक पहुंचने में आसानी होगी।

**- रवि साहू,** ग्रामीण अंबाड़ी।

## निर्देश पर एसडीएम ने खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

किसानों से चर्चा कर व्यवस्था की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर शनिवार को सभी एसडीएम द्वारा अपने क्षेत्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूॅ उपार्जन हेतु बनाए गए उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूॅ का उपार्जन किया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर एफएक्यू मापदण्ड अनुसार ही गेहूॅ का उपार्जन होना, केन्द्रों पर उपार्जन संबंधी समुचित व्यवस्थाएं हो, किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत पेयजल तथा छायादार बैठक व्यवस्था सहित सभी उपार्जन संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों।

एसडीएम द्वारा निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे, गुणवत्ता परीक्षण, सर्वेयर की उपस्थिति, शासन के निर्देशों के अनुरूप एफएक्यू गुणवत्ता की उपज का ही उपार्जन होने, उपज को सुरक्षित रखने हेतु समुचित व्यवस्था, छन्ना, पंखा, क्लीनिंग एवं ग्रेडिंग मशीन, माइश्चर मीटर, किसानों को कृषक तौल पर्ची का वितरण, बारदाना, किसानों के लिए पेयजल, छायादार बैठक व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही केन्द्र प्रभारियों तथा सर्वेयर को निर्देशित किया कि शासन के तय मापदण्डों के अनुरूप ही उपार्जन कार्य किया जाए। एसडीएम द्वारा किसानों से भी संवाद कर उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई।

### 20 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

**रायसेन।** सांची मार्ग पर स्थित ग्राम गिरवर में शनिवार को किसान राममोहन यादव, खुमान यादव के खेत में अज्ञात कारण के चलते गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे 20 एकड़ में लगी फसल जलकर खाक हो गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फसल जलने से किसान को लाखों का नुकसान हुआ है। खेत के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजरी है, हो सकता है शॉर्ट सर्किट से ही आग लगी होगी। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पटवारी द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# महिला डॉक्टरों ने सीएमएचओ पर लगाए अभद्रता के आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को जिला अस्पताल में सीएमएचओ एवं महिला डॉक्टरों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। महिला डॉक्टरों ने सीएमएचओ दिनेश खत्री पर अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं, साथ ही उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए जिला अस्पताल में काम बंद कर दिया और कलेक्टर अरविंद दुबे को एक ज्ञापन सौंपा गया।

उल्लेखनीय है कि शनिवार को जिला अस्पताल में सीएमएचओ दिनेश खत्री निरीक्षण करने गए थे। इसी दौरान उन्हें गायनी वार्ड में जाले लगे होने एवं गंदगी मिली। जिस पर उन्होंने महिला डॉक्टरो से जाले हटवाने और सफाई की बात कही। इसके बाद सीएमएचओ सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़ के चैंबर में चले गए और यहीं महिला डॉक्टर और सीएमएचओं बीच तीखी नोंक-झोंक हुई।

### महिला डॉक्टरों ने कहा सीएमएचओ को हटेंगे, तभी करेंगे हम काम

*सिविल सर्जन के चैंबर में सीएमएचओ और महिला डॉ सुनीता अतुलकर, डॉ.ज्योत्सना भीमटे, डॉ दीपक गुप्ता के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद चैंबर से बाहर निकलकर महिला डॉक्टरों ने सीएमएचओ उंगली दिखाकर बात करने के आरोप लगाए। डॉ सुनीता अतुलकर ने बताया सीएमएचओ आज जिला अस्पताल में निरीक्षण पहुंचे थे इस दौरान उन्होंने महिला डॉक्टर से कहा कि गायनी वार्ड में जाले लगे हैं आप देखते नहीं हो, जबकि आप मेडिकल कॉलेज से आई हो। उन्होंने कहा कि महिला डॉक्टर डिलीवरी संबंधित काम देखें या जाले हटाए। महिला डॉक्टरों ने कहा कि सीएमएचओ को हटाया जाए नहीं तो हम काम नहीं करेंगे।*

### महिला चिकित्सक अस्पताल के टाइम पर प्राइवेट प्रैक्टिस की जाती है

*सीएमएचओ ने बताया कि कई दिनों से जानकारी मिल रही थी जिला अस्पताल की महिला डॉक्टर अस्पताल के समय में मरीजों को नहीं देखते हुए प्राइवेट प्रैक्टिस की जाती है। जिससे जिला अस्पताल पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा वह प्राइवेट अस्पताल में जाने को मजबूर हो जाती है। आज जिला अस्पताल में सिविल सर्जन और आरएमओ के साथ भ्रमण किया था। जिसमें कुछ अनियमितताएं पाई गई। जिला अस्पताल पहुंचे मरीजों का पर्चा तो बन जाता है पर उनको एडमिट नहीं किया जाता, ना ही सही तरीके से देखा जाता। उन मरीजों को तब देखा जाता है जब यह डॉक्टर को फीस देते हैं या उनका घर पर दिखाते हैं। निरीक्षण के दौरान गायनी वार्ड में जाले लगे होना पाया गया। इस पर से महिला डॉक्टर और प्रभारी को जाले हटाने सहित साफ सफाई की बात कही थी। ड्यूटी टाइम में जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं बैठी है, बिना बताए छुट्टी पर चली जाती हैं। शिकायतों के बाद निरीक्षण किया था जिसमें शिकायत सही पाई गई। कुछ डॉक्टरों द्वारा अपने प्राइवेट नर्सिंग होम खोल लिए गए हैं। ऐसे डॉक्टरों की जांच भी चल रही है।*

### मैंने सिर्फ व्यवस्था बनाने की बात कही

*इस संबंध में सीएमएचओ दिनेश खत्री का कहना है कि जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान गायनी वार्ड में जाले लगे मिले थे। इस पर महिला डॉक्टर से इस और ध्यान देने और ड्यूटी के समय पर मरीज को देखने सहित राउंड लेने की बात कही थी। इसी बात पर से महिला डॉक्टर नाराज हो गईं। मैंने जिला अस्पताल में सिर्फ व्यवस्था बनाने की बात कही गई थी, ना की कोई अभद्रता की है। वे प्राइवेट प्रैक्टिस करती हैं।*

# 45 केंद्रों पर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी।

भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर जश्न का माहौल देखा जा रहा है हर केंद्र पर कार्यकर्ता भाजपा की उपलब्धि पर खुशी इजहार कर रहे और जनता के बीच खड़े होकर भाजपा की उपलब्धि को बता रहे। इस स्थापना दिवस में हर जगह दो ही चित्र नजर आए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिनके आदर्श का विस्तार से वर्णन भी किया गया।

कार्यकर्ताओं ने अपने केंद्र पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माला अर्पण कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।



इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पाल, पूर्व नप उपाध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, रघुवीर सिंह ठाकुर, संजय बिदुआ, अनिल जाट, नेपाल सिंह राजपूत, मंसाराम धानक, उजयार सिंह राजपूत, प्रकाश यादव, जगदीश राजपूत, कमलेश कहार ,शिवकुमार चौधरी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो किसानों के 6 एकड़ खेत में खड़ी गेंहू की फसल आग में जलकर राख

## 2 लाख का नुकसान, दमकल ने पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

शनिवार को सलैया ग्राम में दो किसानो के खेत में खडी गेहूं की फसल आग लगने से खाक हो गई, आगजनी की घटना में किसानो को करीब 2 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। सलैया ग्राम में कृपाशंकर रघुवंशी तथा लक्ष्मी नारायण रघुवंशी के खेत में गेहू की फसल में आगजनी की घटना हुई।

आग लगने की सूचना पर नगर परिषद सिलवानी की 2 दमकल मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। हालांकि दमकल के पहुचने तक ग्रामीण आग को काबू में करने का प्रयास करते रहे। लेकिन आग विकराल रुप धारण करने लगी।



नप की दमकल ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा हैं। ज्ञात रहे कि गर्मी का मौसम प्रारंभ होते ही आगजनी की घटनाओ में बृद्धि होने लगी है। जिससे पीड़ितो का लाखो रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा हैं, कमोवेष रोज ही आगजनी की घटनाओ की जानकारी आ रही है।

ग्राम पंचायतो के पास आग बुझाने के संसाधन नही है, फल स्वरुप आगजनी की घटना होने पर नगर परिषद सिलवानी की दमकल मौके पर पहुंच कर आग बुझाती है, लेकिन तब तक आग से लाखो रुपए का नुकसान हो चुका होता है। हालांकि नागरिक राजस्व सर्किल मुख्यालयो पर आग बुझाने के संसाधन उपलब्ध कराने की मांग जन प्रतिनिधियो व प्रशासन से कर रहे है।

चुनाव ड्यूटी चुनाव की घोषणा से परिणाम की घोषणा तक होगी

# ड्यूटी में मतदान सुरक्षा कर्मी की मृत्यु पर मिलेगी अनुग्रह राशि

लोकसभा निर्वाचन 2024

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु या गंभीर चोटों के मामले में मतदान / सुरक्षा कर्मियों के परिजन को अनुग्रह राशि का प्रावधान है। इसमें चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कार्मिक, सीएपीएफ, एसएपीएस, पुलिस, होम गार्ड सुरक्षाकर्मी, निजी व्यक्ति जैसे ड्राइवर, क्लीनर जिसे चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त किया हो और बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियर भी शामिल हैं, जो प्रथम स्तरीय जांच , ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दिवस और मतगणना दिवस ड्यूटी में लगे हुए हैं।

आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी व्यक्ति को प्रशिक्षण सहित किसी भी चुनाव संबंधी कार्य के लिए रिपोर्ट करने के लिए निवास/कार्यालय छोड़ते ही चुनाव ड्यूटी पर होना माना जायेगा, जब तक वह अपने कार्य प्रदर्शन के बाद अपने निवास/कार्यालय वापस नहीं पहुंच जाता। यदि इस अवधि के दौरान कोई दुर्घटना होती है, तो इसे चुनाव ड्यूटी पर हुई घटना के रूप में माना जायेगा। बीईएल/ईसीआईएल इंजीनियरों के लिए, प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) ड्यूटी की अवधि और वह अवधि जिसके लिए अधिकारी को कमीशनिंग, मतदान/मतगणना व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, को चुनाव ड्यूटी अवधि में माना जाएगा।



### 30 लाख की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी

*निर्वाचन ड्यूटी के दौरान अगर मौत उग्रवाद या असामाजिक तत्वों के किसी हिंसक कृत्य जैसे सड़क पर खदान, बम विस्फोट, सशस्त्र हमले और कोविड-19 के कारण मौत होती है, तो 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि कर्मचारी के परिजन को मिलेगी। इसके अलावा किसी अन्य कारण से मृत्यु होने पर 15 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलेगी। चरमपंथी या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता के कारण स्थायी विकलांगता होती है तो 15 लाख रुपये और गंभीर चोट के परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता, जैसे अंग की हानि, आंख की दृष्टि, आदि के मामले में 7.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। अनुग्रह राशि का भुगतान गृह मंत्रालय द्वारा उसके मौजूदा दिशानिर्देशों के तहत पहले से ही भुगतान किए जा रहे मुआवजे और राज्य सरकार या किसी नियोक्ता द्वारा भुगतान किए गए किसी भी अन्य मुआवजे के अतिरिक्त होगा। अनुग्रह राशि का भुगतान बिना किसी अनावश्यक देरी के शीघ्र किया जाएगा।*

### कैशलेस इलाज की सुविधा

आयोग ने चुनाव में शामिल ऐसे सभी कर्मियों के लिए अत्याधुनिक अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है, जो ड्यूटी के दौरान घायल हो जाते हैं या बीमार पड़ जाते हैं। उपचार में तेजी लाने और देरी से बचने के लिए, चुनाव की घोषणा तक अस्पतालों के साथ अग्रिम रूप से व्यवस्था/टाई-अप कर पीड़ितों को कैशलेस सुविधाएं दी जा सकती हैं।